संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-258 शुक्रवार,19 जुलाई 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये




# छत्तीसगढ़ सरकार घर तोड़िए या कार्यालय तोड़िए...इंकलाब होता रहेगा इंसाफ तक...अब तो बताईए मुख्यमंत्री जी...क्या छापें ?

## कलम बंद...का उन्नीसवां दिन

### क्या प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के लिए पूरे प्रदेश के लोगों से ऊपर उनके भतीजे हैं ?

स्वास्थ्य मंत्री ने पत्रकारों को संरक्षण देने की बात कही...वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार पर जनसंपर्क अधिकारी को आगे कर समाचार-पत्र पर दबाव बनाने का कर रहे वह काम...ये कैसा संरक्षण ?
कैसे पत्रकारों को मिलेगी सुरक्षा...कैसे समाचार-पत्र रह सकेंगे निष्पक्ष...जब उन्हे सच लिखने पर मिलेगी सजा ?

# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम श्री विश्वभूषण हरिचंदन से हस्तक्षेप की मांग...
क्या छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव साहब ?
स्पष्ट कीजिए माननीय प्रधानमंत्री जी,स्पष्ट कीजिए माननीय मुख्यमंत्री जी छत्तीसगढ़ शासन,स्पष्ट कीजिए माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी छत्तीसगढ़ शासन...
गृहमंत्री जी,भारत सरकार क्या छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार को लेकर खबर प्रकाशन पर होगी समाचार पत्र पर कार्यवाही ?

## तुगलकी फरमान के विरूद्ध कलमबंद अभियान...

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के विभाग जनसंपर्क के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल के विभाग से संबंधित समाचारों के प्रकाशन पर जनसंपर्क संचनालय के आयुक्त सह संचालक आईपीएस श्री मयंक श्रीवास्तव के मौखिक आदेश पर घटती-घटना के शासकीय विज्ञापन पर रोक लगाकर दबाव बनाने से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के मूलभूत हक पर कुठाराघात के विरूद्ध कलमबंद अभियान...?






?






**घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...**

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह


# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?


# क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जी...




## तुगलकी फरमान के विरूद्ध कलमबंद अभियान...

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के विभाग जनसंपर्क के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल के विभाग से संबंधित समाचारों के प्रकाशन पर जनसंपर्क संचनालय के आयुक्त सह संचालक आईपीएस श्री मयंक श्रीवास्तव के मौखिक आदेश पर घटती-घटना के शासकीय विज्ञापन पर रोक लगाकर दबाव बनाने से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के मूलभूत हक पर कुठाराघात के विरूद्ध कलमबंद अभियान...?




कलम बंद...का उन्नीसवां दिन

?

कलम बंद...का उन्नीसवां दिन

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

**घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...**


संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

खुला पत्र

# क्या प्रकशित करें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी ?

अम्बिकापुर,18 जुलाई 2024(घटती-घटना)। आपको जो कमियां दिखाई जा रही हैं...वह आपको पसंद नहीं आ रही हैं...आपके विभाग में कितनी कमियां हैं...यह शायद आपको दिख नहीं रहा और अखबार आपको दिखाना चाह रहा है...वह देखना नहीं चाहते ऐसे में क्या प्रकाशित करें..यह आपकी तय करें ? अखबार जो आपको कमियां दिख रहा है उस कमियों को आपको दूर करना था पर उसे कर्मियों को दूर करने के बजाय आप अखबार से पत्रकार से संपादक से आपको दिक्कत हो रही फिर आप यह समझिए कि आपसे जनता को कितनी दिक्कतें हो रही होंगी ?


# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?




कलम बंद...का उन्नीसवां दिन

?

कलम बंद...का उन्नीसवां दिन




घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...


संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

## खुला पत्र

# देश के माननीय प्रधानमंत्री से भी सवाल...क्या भ्रष्टाचार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाचार लिखना है अपराध?

**अम्बिकापुर,18 जुलाई 2024 (घटती-घटना)।** माननीय मुख्यमंत्री से भी सवाल है...छत्तीसगढ़ में आपकी सरकार है...केंद्र में भी आपकी पार्टी की सरकार है...पर छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को कमियां दिखाने से रोकने का भी प्रयास हो रहा है...यह प्रयास कहीं ना कहीं स्वस्थ लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास है...जहां पर भाजपा सरकार से लोगों को बेहतर करने की उम्मीद होती है तो वहीं पर छत्तीसगढ़ में नवनिर्वाचित मंत्री,विधायक बे-लगाम हो चुके हैं...उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसे जिम्मेदारी को निभाने में असमर्थ दिख रहे हैं...उनकी कमियों को बताना उन्हें रास नहीं आ रहा इसलिए वह पत्रकार,संपादक का कलम बंद करने का प्रयास कर रहे हैं अब इस पर आप ही संज्ञान ले...और बताएं की संपादक व पत्रकार कौन सी खबर प्रकाशित करें?

# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी?




कलम बंद...का उन्नीसवां दिन

?

कलम बंद...का उन्नीसवां दिन




घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

CMYK

## खुला पत्र

# भारत में सच्चे पत्रकार को राजनीतिक पार्टियों से खतरा क्यों रहता है?

अम्बिकापुर,18 जुलाई 2024(घटती-घटना)। भारत अपने पत्रकारों को निडर होकर काम करने का स्वतंत्र तरीका प्रदान करने में बहुत पीछे है...इन दिनों...कुछ को छोड़कर...हर दूसरा पत्रकार वही खबर दे रहा है जो सरकार की प्रशंसा करती है...नए चैनल लोगों को सरकार द्वारा की गई गलती से विचलित करने के लिए विभिन्न विषयों पर अनावश्यक बहस दिखाएंगे...इसके कारण,अधिक महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जो किसी का ध्यान नहीं जाता हैं...दूसरा कारण यह है कि पत्रकार अपने सिद्धांतों और मूल्यों को खो रहे हैं क्योंकि आज स्थिति ऐसी है कि स्थापना के खिलाफ विषयों पर बोलने या लिखने वाले पत्रकारों को धमकी देना,गाली देना और मारना कई अन्य देशों की तरह भारत में भी एक वास्तविकता बन गई है...देश और दुनिया को डरा दिया है...वहीं,पत्रकारों पर लगातार हो रहे हमलों की घटनाओं ने एक बार फिर उन्हें सुर्खियों में ला दिया है...जो पत्रकार देश और उसके आम नागरिकों के लिए लिखे वे मरे या प्रताड़ित हुए सरकारी तंत्रों के द्वारा...!


# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?




?

कलम बंद...का उन्नीसवां दिन

कलम बंद...का उन्नीसवां दिन




घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

CMYK


## खुला पत्र

# क्या भ्रष्टाचार का मामला वहीं होगा दर्ज जहां होगी भाजपा से इतर दल की सरकार ?

- » भ्रष्टाचार की खबरों से दिक्कत...
- » कमी दिखाओ तो दिक्कत...
- » जनता की परेशानियों को दिखाओ तो दिक्कत...

अम्बिकापुर,18 जुलाई 2024(घटती-घटना)। आखिर लोकतंत्र का चौथा स्तंभ करें तो क्या करें ? सरकारी तंत्र भ्रष्टाचार की ओर बढ़ रहे भ्रष्टाचार को उजागर करने पत्रकार दौड़ रहा पर पत्रकार की दौड़ के पीछे निर्वाचित जनप्रतिनिधि उसकी दौड़ की गति को कम करने का प्रयास कर रहे हैं,भ्रष्टाचार बढ़ता रहे पर पत्रकार ना दिखाएं क्या यही चाहता है जनप्रतिनिधि या फिर सरकारी तंत्र।

# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?










घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एसकेवाई और हार्दिक पंड्या में से कौन टी 20 कप्तानी की रेस में आगे

**नई दिल्ली,18 जुलाई 2024।** भारतीय टीम को खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाले रोहित शर्मा ने टी 20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया है। उनके जाने के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड नए कप्तान की तलाश में है। हालांकि, वनडे और टेस्ट में रोहित ही कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। भारतीय टी 20 टीम का कप्तान बनने की रेस में हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार का नाम सबसे आगे है। लेकिन श्रीलंका के खिलाफ होने वाली टी 20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान करने के लिए होने वाली सेलेक्शन कमेटी की मीटिंग में नए कप्तान के रूप में सूर्यकुमार के नाम पर काफी चर्चा हुई है। हार्दिक पंड्या को रोहित शर्मा के स्पष्ट उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा था लेकिन कई कारकों ने चीजों को बदल दिया है। मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में हार्दिक पंड्या का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और चयनकर्ता उन्हें अपनी पसंद की सीरीज चुनने देने के मूड में नहीं हैं। सूर्यकुमार यादव कप्तान बनने की रेस में उनसे आगे निकल गए हैं। सेलेक्शन कमेटी की मीटिंग को पोस्टपोन कर दिया गया था।



### कोलंबो में आईसीसीकी बैठक में जय शाह पर निगाहें

**» पाकिस्तान को झटका दे सकते हैं बीसीसीआईसचिव**

**कोलंबो,18 जुलाई 2024।** शुक्रवार यानी 19 जुलाई को कोलंबो में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की चार दिन की सलाना बैठक शुरू होगी। इस बैठक के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह पर निगाहें होंगी। बैठक के दौरान इस बात पर गंभीरता से चर्चा हो सकती है कि वह आईसीसी के चेयरमैन कब बनेंगे। फिलहाल न्यूजीलैंड के ग्रेग बार्कले इस पद पर हैं। आईसीसी की इस बैठक के दौरान अमेरिका में टी20 वर्ल्ड कप 2024 के दौरान हुए 20 मिलियन यूएस डॉलर लगभग 160 करोड़ रुपये के नुकसान पर बैठक केंद्रित होने की संभावना है। एजीएम के बैठक की 9 एजेंडे में टूर्नामेंट की वित्तीय जानकारी नहीं है। लेकिन इसकी चर्चा पोस्ट इवेंट रिपोर्ट के तौर पर होगी।



**आईसीसी की बैठक के एजेंडे में चैंपियंस ट्रॉफी नहीं**

पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने भारतीय टीम नहीं जाना चाहती। बीसीसीआई हाइब्रिड मॉडल में ये टूर्नामेंट चाहता है। इसे लेकर पाकिस्तान की ओर से काफी रिएक्शन आए। इस बीच उसके लिएझटके वाली बात ये है कि आईसीसी की बैठक के एजेंडे में ये मुद्दा ही नहीं है।

# पेरिस ओलंपिक 2024 में 29 भारतीय एथलीट पेश करेंगे मेडल के लिए चुनौती

**पेरिस,18 जुलाई 2024।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में 26 जुलाई से ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जाएगा जिसे शुरू होने में अब 8 दिनों से भी कम का समय बचा है। इस बार भारत की तरफ से टोक्यो ओलंपिक के मुकाबले कुछ कम खिलाड़ियों के दल को भेजा गया है जिसमें 117 प्लेयर्स के नाम आधिकारिक तौर पर शामिल किए गए हैं जो विभिन्न खेलों के इवेंट्स में पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेंगे। इसमें से सबसे बड़ा दल भारत की तरफ से एथलेटिक्स के इवेंट में होने वाला दल शामिल है जिसमें 11 महिला और 18 पुरुष खिलाड़ियों को मिलाकर 29 प्लेयर्स का दल है। इसके बाद दूसरा सबसे बड़ा दल भारत की तरफ से निशानेबाजी के इवेंट में हिस्सा लेगा जिसमें कुल 21 खिलाड़ी हैं।

**एथलेटिक्स में नीरज चोपड़ा,ज्योती यार्राजी और किशोर जेना से सभी को उम्मीदें**

एथलेटिक्स के इवेंट में भारत को इस बार अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है जिसमें कुल मेडल भी आ सकते हैं। इसी में सबसे बड़ा नाम टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाले जेवलिन थ्रो खिलाड़ी नीरज चोपड़ा का भी शामिल है जिनके प्रदर्शन पर सभी की नजरें टिकी रहने वाली हैं। वहीं इसके अलावा महिला एथलेटिक्स में 100 मीटर हर्डल्स रेस में हिस्सा लेने वाली ज्योती यार्राजी से है। पुरुषों के 3000 मीटर स्टीपलचेस इवेंट में हिस्सा लेने वाले अविनाथ साबले पर भी सभी की नजरें रहने वाली हैं।

**पेरिस ओलंपिक 2024 में एथलेटिक्स इवेंट में हिस्सा लेने वाली महिला खिलाड़ी**

किरण पाहल-400 मीटर, 4 गुणा 400 मीटर रिले रेस, ज्योती यार्राजी-100 मीटर हर्डल्स रेस, सुभा वेंकटेशन-4 गुणा 400 मीटर रिले रेस, पूवम्मा एम.आर.-4 गुणा 400 मीटर रिले रेस, ज्योतिका श्री डांडी-4 गुणा 400 मीटर रिले रेस, विथ्या रामराज-4 गुणा 400 मीटर रिले रेस,अन्नूरानी-जेवलिन थ्रो, पारुल चौधरी-3000 मीटर स्टीपलचेस, 5000 मीटर, प्रियंका गोस्वामी-20 किलोमीटर रेसवॉक,मैराथन रेस वॉक मिकस्ड रिले, अंकिता ध्यानी-5000 मीटर, मिजो चाको करियन-एपी एथलीट (रिजर्व) प्राची-एपी एथलीट (रिजर्व)



**पेरिस ओलंपिक 2024 में एथलेटिक्स इवेंट में हिस्सा लेने वाले पुरुष खिलाड़ी**


नीरज चोपड़ा-जेवलिन थ्रो, किशोर जेना-जेवलिन थ्रो, मुहम्मद अनस- 4 गुणा 400 मीटर रिले रेस, राजेश रमेश-4 गुणा 400 मीटर रिले रेस, संतोष तमिलरासन-4 गुणा 400 मीटर रिले रेस, मुहम्मद अजमल-4 गुणा 400 मीटर रिले रेस,अमोज जैकब-4 गुणा 400 मीटर रिले रेस,अविनाश साबले-3000 मीटर स्टीपलचेस, सूरज पंवार- मैराथन रेसवॉक मिक्सड रिले,विकास सिंह-20 किलोमीटर रेसवॉक, अक्षदीप सिंह-20 किलोमीटर रेसवॉक,परमजीत बिष्ट-20 किलोमीटर रेसवॉक, सर्वेश कुशारे-ऊंची कूद जेस्विन आल्ड्रिन-लॉन्ग जंप, प्रवील चित्रवेल-ट्रिपल जंप,तजिंदर पाल सिंह-शॉटपुट अब्दुल्ला अबूबकर-ट्रिपल जंप, मिजो चाको कुरियन-एपी एथलीट (रिजर्व)।

**क्या टेबल टेनिस में आएगा पहला ओलंपिक मेडल, इन 6 खिलाड़ियों से हैं उम्मीदें**

भारतीय फैंस को अपने प्लेयर्स इस बार ओलंपिक गेम्स में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है जिसमें टोक्यो ओलंपिक में जहां कुल 7 पदक आए थे तो वहीं इस बार पदकों की संख्या दहाई का आंकड़ा पार करने की उम्मीद जताई गई है। इसकी सबसे बड़ी वजह कई प्लेयर्स का पिछले एक साल में शानदार फॉर्म भी है। इसी में टेबल टेनिस भी एक इवेंट है जिसमें पहली बार मेडल जीतने की उम्मीद जताई जा रही है, जिसमें महिला और पुरुष खिलाड़ियों को मिलाकर कुल 6 प्लेयर्स हिस्सा ले रहे हैं।

### मनिका बत्रा और शरथ कमल सहित ये खिलाड़ी लेंगे टेबल टेनिस के इवेंट में हिस्सा

भारत की तरफ से पेरिस ओलंपिक में टेबल टेनिस के इवेंट में हिस्सा लेने वाली महिला खिलाड़ियों में मनिका बत्रा के अलावा श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ का नाम है। इसके अलावा पुरुष खिलाड़ियों में 42 साल अचंता शरत कमल जो पांचवीं बार ओलंपिक में हिस्सा लेने जा रहे हैं और इस बार पीवी सिंधु के साथ ध्वजवाहक भी होंगे उनके अलावा हरमीत देसाई और मानव ठक्कर का नाम है। वहीं 2 खिलाड़ी रिजर्व में रहेंगे साथियान जी और अहयिका मुखर्जी। पेरिस ओलंपिक में टेबल टेनिस के इवेंट में कुल 60 देशों के 172 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं जिसमें से 86 महिला और 82 पुरुष खिलाड़ी हैं।



## बेन स्टोक्स 3 साल बाद दिखेंगे खेलते हुए

**23 जुलाई से शुरू होगा नया सीजन**

**बर्मिंघम,,18 जुलाई 2024।** इंग्लैंड की टीम अभी घर पर वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है, वहीं इसके बाद टीम के कई खिलाड़ी द हंड्रेड के आगामी सीजन में व्यस्त हो जाएंगे जिसमें 3 सालों के बाद एक बड़ा नाम भी अब वापसी करेगा। इंग्लिश टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स जिन्होंने साल 2021 में द हंड्रेड में आखिरी बार खेला था वह इस लीग में वापसी करेंगे जिसमें नॉर्दन सुपरचार्जर्स की तरफ से खेलते हुए दिखाई देंगे। इस टीम के मुख्य कोच की भूमिका में दिग्गज पूर्व ऑलराउंडर खिलाड़ी एंड्रयू फ्लिंटॉफ संभाल रहे हैं। द हंड्रेड के आगामी सीजन की शुरुआत 23 जुलाई से हो रही है, जिसमें फाइनल मुकाबला 18 अगस्त को ऐतिहासिक लॉर्ड्स के मैदान पर खेला जाएगा।



**लीग स्टेज के आखिर चार मैच और नॉकआउट के लिए रहेंगे स्टोक्स उपलब्ध**

वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की टीम को सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच 26 जुलाई से खेलना है ऐसे में इसके खत्म होने के बाद ही स्टोक्स द हंड्रेड में खेलने के लिए उपलब्ध हो पाएंगे। ईएसपीएन क्रिकइंफो की खबर के अनुसार इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने इस बात की जानकारी दी है कि बेन स्टोक्स लीग स्टेज के आखिरी चार मैच और नॉकआउट मैचों में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे, यदि नॉर्दन सुपरचार्जर्स की टीम क्वालीफाई करने में कामयाब होती है। बेन स्टोक्स ने द हंड्रेड के पहले सीजन में खेला था जिसमें वह फाफ डु प्लेसिस की कप्तानी में खेलते हुए दिखे थे। हालांकि इस सीजन अवसाद की समस्या से जूझने की वजह से वह सिर्फ 2 मैचों में ही खेल सके थे और उसके बाद उन्होंने टेस्ट क्रिकेट पर अधिक ध्यान लगाने के लिए द हंड्रेड से खुद को दूर रखा हुआ था। स्टोक्स को द हंड्रेड में अपना पहला मुकाबला 6 अगस्त को खेलने को मिलेगा जिसमें वह बर्मिंघम फोनिक्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले में खेलते हुए दिखेंगे।

## एशिया कप 2024 के लिए स्क्वायॅड का ऐलान

**सीनियर खिलाड़ियों को मिला मौका**

**नई दिल्ली,18 जुलाई 2024।** महिलाओं के एशिया कप 2024 का आयोजन श्रीलंका में किया जाना है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 19 जुलाई से होगी। एशिया कप का पहला मुकाबला नेपाल और यूएई के बीच खेला जाना है। इसी बीच श्रीलंका की महिला टीम ने एशिया कप के लिए अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है। एशिया कप में श्रीलंकाई टीम की कप्तान अनुभवी बल्लेबाज चमारी अथापथु करेंगी। एशिया कप 2024 का आयोजन 19 से 28 जुलाई तक श्रीलंका के दांबुला में किया जाएगा। चामारी अथापथु की अगुआई वाली टीम टूर्नामेंट का अपना पहला मैच 20 जुलाई को दांबुला के रंगिरी दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश महिला टीम के खिलाफ खेलेगी।

**श्रीलंका ने अनुभवी खिलाड़ियों को दिया मौका**

श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम ने कुछ प्रमुख खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है। उन खिलाड़ियों में हर्षिता समरविक्रमा, कवीशा दिलहारी, उदेशिका प्रबोधनी और अचिनी कुलसूर्या जैसी खिलाड़ियों का नाम शामिल है। इन खिलाड़ियों से श्रीलंकाई टीम को काफी उम्मीदें हैं। साथ ही कप्तान चमारी अथापट्टू भी हैं, जो हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं। श्रीलंका को ग्रूप बी में बांग्लादेश, मलेशिया और थाईलैंड के साथ रखा गया है। उन्होंने अभी तक एशिया कप का खिताब नहीं जीता है, लेकिन इस बार टूर्नामेंट उनके घरेलू मैदान पर होने के कारण उनकी जीतने की उम्मीदें काफी ज्यादा है।



## अर्जुन कपूर का क्रिप्टिक पोस्ट

**मलाइका अरोड़ा के मिस्ट्री मैन संग पोस्ट के बाद बयां किया हाल-ए-दिल**

मलाइका अरोड़ा ने स्पेन वेकेशन से जबसे मिस्ट्री मैन की फोटो शेयर की है, तबसे उनके नए बॉयफ्रेंड को लेकर जोरशोर से चर्चा हो रही है। सोशल मीडिया पर खलबली मच गई है कि आखिर वो शख्स कौन है, जिस पर मलाइका का दिल आ गया है। वो भी अर्जुन कपूर को कई साल तक डेट करने के बाद। खैर। इन सब अफवाहों-दावों के बीच अब अर्जुन कपूर ने भी एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है।




मलाइका अरोड़ा ने इंस्टाग्राम स्टेटस पर लिखा है, शांति के लिए मौजूदगी की जरूरत है। इस पोस्ट को लोग मलाइका अरोड़ा से जोड़कर देख रहे हैं, क्योंकि अब ऐसा लग रहा है कि अर्जुन से ब्रेकअप के बाद वो अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुकी हैं।

मलाइका पिछले कई दिनों से स्पेन में हैं और छुट्टियां बिता रही हैं। इस बार वो अपनी गर्ल गैंग और फैमिली के बिना ही वेकेशन पर गई हैं। ऐसे में जब उन्होंने एक शख्स की धुंधली सी फोटो शेयर की तो हल्ला मच गया। दावा किया जा रहा है कि उनकी जिंदगी में प्यार ने फिर दस्तक दी है और अब फैंस को इंतजार है कि वो अपने नए बॉयफ्रेंड का चेहरा कब दिखाएंगी।

50 साल की मलाइका ने अरबाज खान से लव मैरिज की थी। दोनों का एक बेटा अरहान भी है। शादी के कई साल के बाद इनके रिश्ते में दरार आ गई और कभी सलमान की बहन अर्पिता खान को डेट करने वाले अर्जुन पर कथित तौर पर मलाइका का दिल आ गया। दोनों ने सोशल मीडिया पर साथ में फोटो शेयर कर रिलेशनशिप की पुष्टि की थी। फिर इवेंट्स में भी साथ नजर आने लगे।

दूसरी तरफ जॉर्जिया एंड्रियानी को डेट करने के बाद अरबाज ने अचानक अपनी दूसरी शादी की फोटो शेयर की। उन्होंने रवीना टंडन के साथ काम कर चुकीं मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से निकाह किया। दोनों की पहली मुलाकात पटना शुक्ला के सेट पर हुई थी, जिसमें रवीना हैं और अरबाज ने इसे प्रोड्यूस किया है।

## उर्वशी रौतेला ने मैनेजर को लगाई फटकार



**बाथरूम वीडियो के बाद अब फोन कॉल का ऑडियो हुआ लीक**

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला अक्सर कॉन्ट्रोवर्सी में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस का एक पर्सनल वीडियो इंटरनेट पर आया तो खलबली मच गई। वह इस वीडियो में बाथरूम में नजर आ रही थीं और कपड़े बदलती दिख रही हैं। कुछ लोगों ने इसे प्राइवेसी में दखलअंदाजी बताया तो कुछ ने पीआर स्टंट भी कहा। अब एक और ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें फोन पर उर्वशी वीडियो लीक की वजह से मैनेजर को डांट लगाती दिख रही हैं। इस ऑडियो में उर्वशी अपने मैनेजर से सवाल-जवाब करती सुनाई दे रही हैं। वह कह रही हैं, क्या आपने वीडियो देखा है? मुझे समझ नहीं आ रहा है कि ये सब कैसे हो रहा है, मुझे तुरंत उनसे बात करनी चाहिए। इसपर उधर से उनके मैनेजर ने उन्हें ये भरोसा दिलाने की कोशिश करते दिख रहे हैं कि वो इस वीडियो को सोशल मीडिया से हटाने की कोशिश कर रहे हैं। हाल ही में उर्वशी रौतेला का एक वीडियो सोशल मीडिया पर लीक हुआ। इस वीडियो में वह बाथरूम में कपड़े बदलती दिख रही हैं। अब एक प्राइवेट बाथरूम से इत तरह का वीडियो सामने आया तो खलबली मच गई। अब इसे लेकर उन्होंने अपने मैनेजर को झाड़ लगाई है और ये वीडियो भी लीक हो गया है।

**फोन पर मैनेजर ने दिया है भरोसा**

वह ये भी कहते सुनाई दे रहे हैं कि वे इस स्थिति को समझ रहे हैं। वह कहते हैं- ये दुखद स्थिति है लेकिन उन्हें इसपर पर्सनली मिलकर बात करनी चाहिए, कॉल पर बात करने से बचना चाहिए।



## फीफा रैंकिंग में भारत को हुआ नुकसान

**नई दिल्ली,18 जुलाई 2024।** फीफा ने जुलाई महीने के लिए नई रैंकिंग जारी की है। इस रैंकिंग में भारतीय फुटबॉल टीम को भारी नुकसान होता नजर आया है। भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को जारी फीफा मेंस रैंकिंग में 124वें स्थान पर है। भारतीय मेंस फुटबॉल टीम जून में जारी की गई फीफा रैंकिंग में 121वें स्थान पर थी, लेकिन अब वे तीन पायदान खिसक गए हैं। दरअसल फीफा वर्ल्डकप 2026 के क्वालीफायर में टीम इंडिया को अफगानिस्तान और कतर से हार का सामना करना पड़ा था। जिसका नुकसान उन्हें नई रैंकिंग में हुआ है और टीम इंडिया इन दो मैचों में मिली हार के कारण वर्ल्ड कप क्वालीफायर के तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही थी।

**न्यायालय तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01 सूरजपुर ,जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

**प्रोसेस नम्बर -692/24, प्र0क्र0 -21/2024, पेशी तिथि -06.08.2024**

1- गेंदी बाई पति स्व.धनीराम,उम्र लगभग 55 वर्ष,
2- अंजनी पुत्री स्व. धनीराम,उम्र लगभग 35 वर्ष,
दोनों जाति रजवार निवासी ग्राम-कपसरा,थाना भटगांव तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर(छ0ग0)

...आवेदिकागण

प्रति,
1- शाखा प्रबंधक,भारतीय स्टेट बैंक शाखा भटगांव,जिला सूरजपुर (छ.ग.)
2- शाखा प्रबंधक,छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक, शाखा भटगांव,जिला सूरजपुर (छ.ग.)
3- आम जनता,ग्राम कपसरा,थाना भटगांव,जिला सूरजपुर (छ.ग.)

...अनावेदकगण

**ईश्तहार**

इस ईश्तहार के जरिए अनावेदकगण व आम जनता सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका क्र0-01के पति एवं आवेदिका क्र0-2 के पिता स्व. धनीराम की मृत्यु दिनांक 15.11.2018 को हो चुकी है। स्व. धनीराम की मृत्यु के पश्चात उसके उत्तराधिकारी आवेदिकागण हैं,जो इस न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत् आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भा0 उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत किए हैं। स्व. धनीराम की मृत्यु के पश्चात स्व. धनीराम के नाम से अनावेदकगण क0-1,2 के बैंक में जमा धनराशि,ब्याज सहित प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र की आवश्यकता, आवेदिकागण को है,आवेदिकागण क्र-01 के पति एवं क्र 02 के पिता स्व. धनीराम निवासी ग्राम-कपसरा थाना भटगांव तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ.ग.) की मृत्यु के उपरांत प्रथम उत्तराधिकारी आवेदिकागण ही हैं। यदि कोई व्यक्ति कोई दावा या हक रखते हैं, तो कैफियत के साथ पेशी दिनांक 06/08/2024 को दिन के ठीक 11.00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो।

अतः आप बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो आपके विरूद्ध प्रकरण का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है या कार्य दिवस स्थगित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि को किया जावेगा।

आज दिनांक 29/06/2024 को इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

(डी.एस.बघेल)
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01
सूरजपुर,जिला सूरजपुर (छ0ग0)

## धर्मेंद्र नहीं,गिरीश कर्नाड को अपना दामाद बनाना चाहती थी हेमा मालिनी की मां

**करीब लाने के लिए अपनाई थी ये ट्रिक**

हेमा मालिनी और धर्मेंद्र की प्यार की कहानी से सब वाकिफ हैं। शादीशुदा धर्मेंद्र को हेमा मालिनी से प्यार हो गया था और उनसे शादी करने के लिए एक्टर ड्रीम गर्ल के घरवालों से भी लड़ गए थे। यही नहीं, जब हेमा मालिनी की मां जया चक्रवर्ती और पिता चुपके से बेटी की शादी चेन्नई में करवा रहे थे, तो धर्मेंद्र खबर लगते ही तुरंत वहां पहुंच गए थे। हेमा मालिनी की मां धर्मेंद्र को अपना दामाद नहीं बनाना चाहती थीं। वह एक्टर को नापसंद करती थीं। पर क्या आप जानते हैं कि वह संजीव कुमार और जितेंद्र से भी हेमा मालिनी की शादी नहीं करवाना चाहती थीं? वह तो एक्टर गिरीश कर्नाड को अपना दामाद बनाना चाहती थीं। हेमा मालिनी से गिरीश कर्नाड को मिलाने के लिए वह कई तरकीबें भी अपनाती थीं

**धर्मेंद्र-हेमा मालिनी की पहली मुलाकात और प्यार**

हेमा मालिनी और धर्मेंद्र की पहली मुलाकात साल 1970 में हुई थी। तब दोनों फिल्म तुम हसीं मैं जवां की शूटिंग कर रहे थे। धर्मेंद्र ने साल 1960 में डेब्यू किया था, पर 1954 में ही उनकी प्रकाश कौर से शादी हो चुकी थी। लेकिन शादीशुदा होते हुए भी वक्त के साथ धर्मेंद्र, हेमा मालिनी के प्यार में पड़ गए।

**हेमा मालिनी के घरवाले थे खिलाफ, करवाने लगे जितेंद्र से शादी**

हेमा मालिनी भी धर्मेंद्र से बेशुमार प्यार करती थीं। लेकिन उनके माता-पिता को यह रिश्ता मंजूर नहीं था। वो नहीं चाहते थे कि बेटी हेमा मालिनी एक शादीशुदा इंसान को अपना हमसफर चुने या उसके साथ घर बसाए,



जिसके बच्चे भी हों। इसीलिए उन्होंने चुपके से जितेंद्र के साथ शादी करवाने के बारे में सोचा। जितेंद्र और हेमा मालिनी कई फिल्मों में साथ काम कर चुके थे, और उनकी जोड़ी की खूब तारीफ होती थी। हालांकि, जितेंद्र को हेमा मालिनी से प्यार नहीं था। वह बस परिवार के दबाव में आकर शादी के लिए तैयार हो गए थे।

**धर्मेंद्र ने रुकवा दी थी हेमा मालिनी की शादी**

धर्मेंद्र को खबर लगी तो उन्होंने चेन्नई पहुंचकर हेमा मालिनी की शादी रुकवा दी और उनके घरवालों से गिड़गिड़ाते हुए एक्ट्रेस का हाथ मांगा। लेकिन हेमा मालिनी के माता-पिता ने इनकार कर दिया। तब मां जया चक्रवर्ती ने एक्टर गिरीश कर्नाड से हेमा मालिनी की शादी करवानी चाही।

हेमा मालिनी की मां चाहती थीं कि कोई साउथ इंडियन ही उनका दामाद बने। वह गिरीश कर्नाड के काम और एक्टिंग की फैन थीं, और काफी पसंद भी करती थीं।

**एक्टर और डायरेक्टर थे गिरीश कर्नाड, हेमा मालिनी की मां बनाना चाहती थीं दामाद**

गिरीश कर्नाड एक एक्टर ही नहीं, बल्कि मशहूर प्लेराइट और डायरेक्टर भी थे। मायापुरी के 250वें अंक के मुताबिक, हेमा मालिनी की मां ने गिरीश कर्नाड संग बेटी की शादी करवाने का फैसला कर लिया और उन्हें साथ लाने के लिए तरकीबें अपनानी शुरू कर दीं।

**हेमा मालिनी की मां की तरकीब, बेटी को गिरीश कर्नाड संग दिलवाई फिल्म**

जया चक्रवर्ती ने फिर बेटी हेमा मालिनी पर गिरीश कर्नाड के साथ काम करने के लिए दबाव बनाया और साल 1979 में आई फिल्म रत्नादीप में वो साथ नजर आए। लेकिन मां की लाख कोशिशों के बावजूद हेमा मालिनी का धर्मेंद्र के लिए प्यार कम नहीं हुआ, बल्कि और बढ़ गया।

**धर्मेंद्र से 1980 में शादी, अलग घर में रहती हैं हेमा मालिनी**

साल 1980 में हेमा मालिनी और धर्मेंद्र ने शादी कर ली। हालांकि, हेमा से शादी करने के लिए धर्मेंद्र ने पहली पत्नी प्रकाश कौर को तलाक नहीं दिया। धर्मेंद्र अब प्रकाश कौर के साथ रहते हैं और हेमा मालिनी अलग घर में रहती हैं।

## खुला पत्र

# तुगलकी फरमान के विरूद्ध कलमबंद अभियान

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के विभाग जनसंपर्क के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल के विभाग के संबंधित समाचारों के प्रकाशन पर जनसंपर्क संचनालय के आयुक्त सह संचालक आईपीएस श्री मयंक श्रीवास्तव के मौखिक आदेश पर घटती-घटना के शासकीय विज्ञापन पर रोक लगाकर दबाव बनाने से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के मूलभूत हक पर कुठाराघात के विरूद्ध कलमबंद अभियान...के पन्द्रहवें दिन भी केंद्र सरकार से अनुमोदित विज्ञापन नियमावली के आदेश को ठेंगा दिखाने वाले जनसंपर्क विभाग के द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं देने के पीछे किसका हाथ...

# क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री जी ?

## क्यां छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी ?




## छत्तीसगढ़ सरकार घर तोड़िए या कार्यालय तोड़िए...इंकलाब होता रहेगा इंसाफ तक...

## अब तो बताईए मुख्यमंत्री जी...क्या छापें ?

## क्यूं न लिखें सच ?

माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी 25 जून को संविधान हत्या दिवस छत्तीसगढ़ में नहीं मनाया जायेगा क्या? इमरजेंसी पर बात...हर बात पर आरोप...तो छत्तीसगढ़ में एक आईपीएस के तुगलकी फरमान पर आदिवासी अंचल से विगत 20 वर्षों से प्रकाशित अखबार पर क्यों किया जा रहा है जुर्म...? क्यों कलमबंद आंदोलन के लिए विवश होना पड़ा एक दैनिक अखबार को...?

**घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...**

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)